हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 दिसंबर 2023

04 विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रमुख स्थानों ...

06 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' आयोजन की तैयारियों...




## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2860 | 4421 |
| गेहूं 1544 | 2330 | 3097 |
| चना | 4800 | 5810 |
| मसूर | 5000 | 5750 |
| सोयाबीन | 4000 | 4932 |
| सरसों | 5000 | 6120 |
| धान | 1800 | 4410 |
| अलसी | 4660 | 4910 |
| तेवड़ा | 4500 | 4500 |
| मक्का | 0000 | 0000 |
| उड़द | 5000 | 5660 |

## खबर संक्षेप

### 400 मीटर हर्डल दौड़ में गोलू ने पहला स्थान प्राप्त किया

**विदिशा।** सेंटमैरी कॉलेज के एमएससी फर्स्ट सेम के छात्र गोलू कटारिया ने भोपाल में आयोजित संभागीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। 400 मीटर हर्डल दौड़ में गोलू ने पहला स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। इस अवसर पर संस्था संचालक फॉदर सेल्विन जान, सह संचालक फादर फ्रीजो, प्राचार्य डॉ नलिन थपलियाल, डॉ गिरीश सुर्जन, सिस्टर प्रभावती विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा राठौर, स्पोर्ट्स ऑफिसर देवेंद्र नामदेव एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई दी।

### विकसित भारी संकल्प यात्रा को लेकर हुई बैठक

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बड़ोह क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें पर्यवेक्षक अनामिका जाट द्वारा यात्रा के आयोजन के उद्देश्य एवं यात्रा के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका के बारे में बताया गया। आंगनबाड़ी में पोषण अभियान के घटक एवं स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा।

### मिशन वात्सल्यः जिला स्तरीय प्रशिक्षण 15 को

**विदिशा।** मिशन वात्सल्य के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 15 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार कक्ष में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

### प्रदेशाध्यक्ष के आदेश पर कार्यकारिणी भंग

**विदिशा।** शिवसेना के भोपाल संभाग उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह कुशवाह ने बुधवार को बैठक की। बैठक में सभी पदाधिकारी की सहमति से जिले की कार्यकारिणी भंग की गई। नवीन जिला अध्यक्ष जल्द ही बनाया जाएगा। बैठक में पूर्व नगर युवा मोर्चा प्रमुख चेतन जिझोतिया, पूर्व नगर उपाध्यक्ष वीरू कुशवाह, भगवान सिंह कुशवाह, पूर्व नगर संगठन सचिव सचिन राजपूत, पूर्व वार्ड अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व वार्ड उपाध्यक्ष अजय नामदेव, सागर चौबे आदि मौजूद रहे।

### बिना निर्देश दफ्तर से बाहर नहीं निकलते अधिकारी, निष्क्रिय रहता है विभाग

# पूरे साल में खाद्य विभाग ने लिए सिर्फ 275 सैंपल, 16 फेल हुए, 17 पर केस

**खाद्य विभाग का अमला कलेक्टर या वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद ही शहर की दुकानों पर सेंपलिंग करता है। जब तक वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश नहीं होते तब तक दफ्तर में बैठकर ही हर महीने वेतन लिया जाता है। यही कारण है की सालभर में विभाग सिर्फ 275 सैंपल ही ले पाया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

त्यौहारी सीजन में शहर में जमकर मिलावट का खेल चलता है। वहीं आम दिनों में दुकानों पर एक्सपायरी डेट की सामग्री तक बेच दी जाती है, लेकिन खाद्य विभाग का अमला सिर्फ वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद ही जागता है। बिना निर्देश न तो कार्रवाई की जाती और न ही कभी सेंपलिंग होती। बाजार में खुल्ला तेल धड़ल्ले से सप्लाई किया जा रहा है।

इतना ही नहीं शहर के मुख्य बाजार में ऐसे मॉल चल रहे हैं जहां पर आधे से ज्यादा सामान कंपनी के रेपरों को हटाकर बेचा जा रहा है जिससे कोई इसकी एक्सपायरी का समय न देख सके। इसके बाद भी खाद्य विभाग की आंखें मुंदी हुई हैं। चाय नाश्ते की होटलों पर खराब तेल का उपयोग कर लोगों को खिलाया जा रहा है। इसकी भी सेंपलिंग नहीं की जाती।

### बाजार में मॉल में बिक रही एक्सपायरी सामग्री

शहर के मुख्य बाजार में ही एक मॉल चल रहा है। जिसमें दैनिक उपयोग की चीजें कंपनी के रेपर को हटाकर बेची जाती हैं। यह सामग्री एक्सपायरी होने पर इन्हे काफी सस्ते दामों पर खरीद लिया जाता है और फिर मॉल में रखकर ऊंची दामों पर बेच लिया जाता है। इसके अलावा अन्य तरह की खाद्य सामग्री को भी निर्माण कंपनी के पैकिटों से निकालकर खुले तौर पर बेचा जाता है। यह पूरी सामग्री ऐसी होती है जो एक्सपायरी हो चुकी होती है। मॉल संचालक कंपनी के डीलरों से यह सामग्री खरीदकर बाजार में बेचकर पैसे कमा रहे हैं।

### कार्रवाई के नाम पर सिर्फ 275 सैंपल लिए

खाद्य विभाग की मुखिया एडलीन ई पन्ना हैं। जिन्होंने मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत इस साल एक जनवरी से 12 दिसंबर तक सालभर में सिर्फ 275 सेंपल ही लिए। एक दुकान से एक सेंपल लेना भी मान लिया जाए तो वह सिर्फ 275 दुकानों पर ही पहुंचीं, जबकि शहर में खाद्य सामग्री की दुकानें इससे 10 गुना अधिक हैं। इतने कम सेंपल लेने के बाद भी इनमें से 16 सेंपल फेल हो गए। सेंपलों की संख्या अधिक होती तो सेंपल अधिक मात्रा में फेल होते। सेंपल की मात्रा कम होना यह बात दर्शाता है की कहीं न कहीं सांठगांठ से काम चल रहा है।

खाद्य विभाग के अधिकारी सिर्फ दफ्तर में बैठकर ड्यूटी करते हैं और एक तारीख को मोटा वेतन उनके खाते में पहुंच जाता है। विभाग द्वारा इस साल सिर्फ 17 लोगों पर केस दर्ज कर दो लाख 67 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला गया है।

### प्रेस्टीज तेल व अमूल ब्रांड का सैंपल तक हो चुका फेल

इसी साल अप्रैल में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत अमूल ब्रांड के पनीर विक्रेता और निर्माता पर 80 हजार का जुर्माना लगाया गया था। विक्रेता फर्म डेयरी एंड डेजर्टस हब, रेलवे स्टेशन के पास शेरपुरा से ब्रांड अमूल के मलाई पनीर का सेंपल लिया गया था जो लेब में फेल हुआ। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की जब अमूल जैसे ब्रांड का सामान खराब बेचा जा सकता है तो अन्य कंपनियों के सामान की क्वालिटी क्या होगी। इस मामले में फर्म डेरी एंड डेजर्टस हब पर 30 हजार का जुर्माना और अमूल कंपनी पर 50 हजार का जुर्माना आरोपित किया गया है। विभाग द्वारा हरीश दुकान से प्रेस्टीज तेल का सेंपल लिया था जो कि जांच में फेल हुआ है।

### बुजुर्ग का भ्रष्टाचार मुक्त भारत विजय अभियान

## 66 वर्षीय गुलाब दास 2500 किमी का सफर पूरा करके विदिशा आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



भ्रष्टाचार मुक्त भारत विजय अभियान को लेकर एक बुजुर्ग दिल्ली से कन्याकुमारी तक की साइकिल यात्रा पर निकले हैं।

इस दौरान वह लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर उत्तरप्रदेश के ग्राम फतेहपुर में रहने वाले 66 वर्षीय गुलाब दास साइकिल से यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने 21 नवंबर को दिल्ली से साइकिल यात्रा शुरू की थी। गुलाब दास लगभग 2500 किलोमीटर की यात्रा पूरी करके आज विदिशा पहुंचे। जहां विवेकानंद चौराहे पर लोगों ने उनका स्वागत किया गया। इसके बाद गुलाब दास ने दक्षिण भारत में कन्याकुमारी के रास्ते पर यात्रा प्रारंभ भी कर दी है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। और वो देश की व्याप्त इस भ्रष्टाचार की बीमारी को खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसी उद्देश्य को लेकर वह भ्रष्टाचार मुक्त भारत विजय यात्रा पर निकले हैं।

## तापमान 11 डिग्री पर आया सर्द हवाओं ने बढ़ाई कंपकंपी



सुबह के समय छाया रहा घना कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान में लगातार उतार चढ़ाव हो रहा है। बादल छटते ही सर्द हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी है। मौसम विभाग सीहोर ने 15 दिसंबर के बाद बारिश की संभावना जताई है।

जिले में बीते कुछ दिनों से सर्दी जोर पकड़ने लगी है। मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहने से दिन और रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई। आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है जिसके चलते चना, गेहूं, तुअर आदि में इल्ली लगने की संभावना है। रात में ठंडी हवा चलने से तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को दिन का तापमान 26.5 डिग्री और रात का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा है। बुधवार को दिन का तापमान 25 डिग्री और रात का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि आगे आसमान में बादल होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया कि बादल होने के कारण चना, गेहूं और तुअर में इल्ली का प्रकोप शुरू हो सकता है।

### प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने दिया आमंत्रण पत्र

**विदिशा।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। विदिशा जिले के संत महंत कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री राम तीर्थ ट्रस्ट आयोध्या से आमंत्रण पत्र आए हैं। बुधवार को विश्व हिन्दु परिषद विदिशा विभाग के विभाग मंत्री मलखान, जिला अध्यक्ष गोविन्द बघेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जिला प्रचार प्रमुख वीरेंद्र रघुवंशी, जिला सह सेवा प्रमुख डॉक्टर रूपसिंह रघुवंशी ने संतों को आमंत्रित किया। महंत आनंद भारती, गोरी आश्रम अहमदपुर वालों को आयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र आग्रह पूर्वक दिया। यह जानकारी राजू मालवीय, प्रदीप रघुवंशी नगर प्रचार प्रमुख ने दी।

## नपा इंजीनियर को उत्कृष्ट स्कूल में जलभराव की समस्या दूर करने और हॉस्टल में पेयजल उपलब्ध कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष के रूप में कलेक्टर उमाशंकर भार्गव शामिल हुए। उन्होंने स्कूल की विभिन्न समस्याओं को सुना और उन्हें हल करने के निर्देश दिये। बारिश के मौसम में स्कूल तक आने वाले मुख्य मार्ग पर 4 से 5 फीट तक पानी भर होने की बात भी सामने आई। जिसकी स्थाई व्यवस्था करने के संबंध में कलेक्टर द्वारा



नगरपालिका को निर्देशित किया गया। साथ ही साथ उत्कृष्ट विद्यालय में बनाए गए 200 विद्यार्थियों की क्षमता वाले हॉस्टल में पेयजल की उपलब्धता के लिए पाइपलाइन के जरिए पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए थे। बुधवार को नगरपालिका के इंजीनियर वायएस भदोरिया उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जल निकासी की व्यवस्था को देखने के लिए उन्होंने नापतोल की तो वहीं हॉस्टल में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन बिछाई जाने का भी जायजा लेकर जल्द ही यह व्यवस्था करने की बात कहीं।

**बारिश के दौरान स्कूल में 4 से 5 फीट तक पानी भर जाता है।**

## शिक्षकों का प्रमोशन होने से खाली पद भरे, अतिथि हटाना पड़ रहे, विरोध में आया अतिथि शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पिछले दिनों शिक्षा विभाग में शिक्षकों के प्रमोशन की प्रक्रिया हुई थी, शासकीय स्कूल में खाली पदों पर उच्च पद प्रभार शिक्षक जॉइन हो रहे हैं। स्कूलों में प्रमोशन पर शिक्षकों के आ जाने से खाली पद भर गए है, जिसके चलते अतिथि शिक्षकों को हटाया जा रहा है। इसी को लेकर जिले भर के अतिथि शिक्षक बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर मध्य प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए शिक्षा विभाग बीच शिक्षा सत्र में बिना डीएड और बीएड शिक्षकों को निकल रहा है, कई शिक्षक ऐसे हैं।



**विदिशा।** अतिथि शिक्षकों को दी समझाइश देते जिलाशिक्षाधिकारी जीपी राठी।

जिन्हें अतिथि शिक्षक के रूप में पढ़ते हुए 12 से 15 साल का अनुभव हो चुका है। डिग्री नहीं होने पर अब उनको हटाया जा रहा है। महिला अतिथि शिक्षक ने बताया की उनके स्कूल में प्रमोशन पर शिक्षक आ गए जिसके बाद उन्हें हटा दिया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उच्च पद प्रभार पर जो शिक्षक स्कूलों में ज्वॉइन हो रहे है , जिसके कारण खाली पद भरा रहा है। ऐसी स्थिति में अतिथि शिक्षकों के वेतन की समस्या होगी। ऐसा प्रयास किया जा रहा है, दूसरे किसी स्कूल में खाली जगह पर अतिथि शिक्षकों को रखा जाए।

### शिवसेना ने एसएटीआई के प्राचार्य को दी चेतावनी

**विदिशा।** शिवसेना ने एसएटीआई के प्राचार्य नवीन गोयल को चेतावनी दी है की पूर्व प्राचार्य आरके सोनी को नहीं हटाया गया तो 3 जनवरी को एसएटीआई. पॉलिटेक्निक कॉलेज गेट पर श्री गोयल का पुतला जलाया जाएगा। विरोध के चलते पॉलिटेक्निक कॉलेज के पूर्व प्राचार्य आरके सोनी को हटा दिया गया था लेकिन अब उन्हे फिर से ईटी विभाग में पुनः प्रभारी नियुक्त किया है। शिवसेना के सोनू चिड़ार ने बताया की उनके पिता बद्री प्रसाद चिड़ार की बीमा राशि वर्तमान प्राचार्य नवीन गोयल द्वारा बीमा कंपनी से प्राप्त कर हड़प ली है और कहा गया कि सेवानिवृत्ति का मुकदमा चल रहा है इसलिए राशि नहीं देंगे। जबकि सेवानिवृत्ति मुकदमा और बीमा राशि का कोई लेना देना नहीं है। 23 दिसंबर तक पूर्व प्राचार्य सोनी को पद से नहीं हटाने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### योग आयोग का 3 दिवसीय योग शिविर का समापन

## अंतिम दिन साधकों की योग संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गायत्री मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन योग साधकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

विचार योग समिति के अध्यक्ष डॉ श्याम सिंह ने अंतिम दिन के योग प्रशिक्षण के दौरान बताया की यदि योग कक्षा में नहीं जा सकें तो घर पर ही योग अभ्यास कर सकते हैं। सर्दी के मौसम में अपने बिस्तर पर रजाई या कम्बल औढ़े हुए किए जा सकने वाले योग के अभ्यास भी हैं। ऐसे सरल अभ्यास आपको दिनभर प्रफुल्लित रखने के अलावा बीमारियों से भी निजात दिला सकते हैं। तीन दिवसीय योग शिविर में नगर



के प्रबुद्ध नागरिकों के अलावा शिक्षा विभाग के अनेक योग प्रशिक्षकों ने उत्साह से भाग लिया। शिविर में राजीव नगर स्थित शक्ति पीठ द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क ताजे जूस और अंकुरित आहार का प्रसाद भी वितरित किया गया। योग प्रशिक्षण शिविर में योगाचार्य डॉ श्याम सिंह ने योग आयोग के प्रोटोकॉल के अलावा इस तरह के सरल अभ्यासों का भी प्रशिक्षण दिया। गायित्री मंदिर में सुबह 6.30 बजे से प्रति दिन योग समिति द्वारा निः शुल्क योग कक्षा भी चलाई जा रही है। इस कक्षा में प्रत्येक साधक को बिछात और गद्दे मंदिर प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में योग साधकों ने भाग लिया।

## प्रफुल्ल भाई शाह की स्मृति में पूरे दिन किए समाजसेवा के कई कार्य

### शहर की कई सामाजिक संस्थाओं के संस्थापक थे प्रफुल्ल भाई शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा शहर में समाजसेवा की नींव रखने वाले प्रफुल्ल भाई शाह की 34वीं पुण्यतिथि पर दिनभर समाजसेवा के कार्य किए गए। कच्छी भवन में निशुल्क जन सेवा के अंतर्गत भोजन कराया गया। समाजसेवी अतुल शाह ने बताया कि समाजसेवा को नया आयाम देने वाले प्रफुल्ल भाई शाह की 34वी पुण्य स्मृति में चलो आज कुछ अच्छा करते हैं ग्रुप के सदस्यों द्वारा सार्वजनिक भोजनालय सेवा समिति एवं कच्छी भवन सेवा समिति में जरूरतमंद एवं निराश्रित लोगों को भोजन कराया। कच्छी भवन में ही निराश्रित लोगों को कंबल एवं महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया। शासकीय अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को फल बांटे। ग्रुप के सदस्यों ने रक्तदान किया। अपाहिज बच्चों को नाश्ता फल बिस्किट वितरण



किया। वहीं गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया। माधवगंज पर प्रफुल्ल शाह की पुण्य स्मृति में खीर वितरण किया गया। विदिशा के शमशान घाट में चंदन एवं रहार रखने के पात्र रखे गए। कच्ची धर्मशाला में प्रफुल शाह जी के 34वी पुण्यस्मरण पर शहर के वरिष्ठ जनों द्वारा 2 मिनट का मौन रख उनको याद कर उनके द्वारा विदिशा में किए गए कई सार्वजनिक कार्यों को याद किया।

### परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र, मूल फोटो आईडी प्रूफ और दो काले पेन ही ले जा सकेंगे

## लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 17 को, विदिशा के चार परीक्षा केंद्रों पर होगी

**जूते-मोजे पहनकर प्रवेश करना वर्जित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2023 का आयोजन रविवार 17 दिसंबर को किया जा रहा है। मप्र लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में होगी। जिसका समय सुबह 10 से 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक रहेगा।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में विदिशा के चार परीक्षा केंद्रों पर कुल 2142 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

परीक्षाओं में परीक्षार्थी धूप का चश्मा, जूते-मोजे हाथ के बैंड, हाथ में बंधे बंधन इत्यादि में नाना प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग करते हैं। परीक्षा में किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश करना वर्जित रहेगा। परीक्षार्थी चप्पल व सैंडल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढंककर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में पेंसिल, रबर, इरेजर, व्हाइटनर एवं एसेसरीज जैसे वालों को बांधने का क्लेचर, बकल, घड़ी, हाथ में पहनने वाले मैटेलिक, चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स, वायलेट, टोपी आदि वर्जित है। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में अपने साथ केवल प्रवेश पत्र, मूल फोटो, आईडी प्रूफ एवं दो काले पेन ही ले जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त कोई भी सामग्री साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### परीक्षा में कुल 2142 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे

परीक्षा केंद्रवार जानकारी इस प्रकार से है परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में 600 परीक्षार्थी, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में 500 परीक्षार्थी, सम्राट अशोक टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट इंजीनियरिंग कॉलेज में 600 परीक्षार्थी तथा सम्राट अशोक टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट पॉलिटेक्निक कॉलेज में 442 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। मप्र लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए



सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा की समस्त प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोग द्वारा भोपाल संभाग के लिए सेवानिवृत आईएएस बीआर नायडू को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4000
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2326
उच्चतम भाव-3004
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2324
उच्चतम भाव-2415
चना
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6040
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5820
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-4931
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4620
उच्चतम भाव-5000
सरसों
न्यूनतम भाव-4980
उच्चतम भाव-6000
उड़द
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-7330
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-4390
मूंग
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5950
ज्वार
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-6872
बटरी
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
अलसी
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-4500
मक्का
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-2000
धना
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5500

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 32881 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

### स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

# विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रमुख स्थानों पर की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन से प्राप्त निर्देश अनुसार 13 से 15 दिसंबर तक निकायों में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नगर के प्रमुख स्थानों पर विशेष साफ-सफाई सामाजिक संगठनों एवं स्कूल छात्रों के माध्यम से कराई गई। नगर पालिका परिषद द्वारा बुधवार को जय स्तंभ चौराहा एवं अंबेडकर चौराहे पर सामाजिक संगठनों एवं स्कूल छात्राओं तथा छात्रों द्वारा स्व सहायता समूह के व्यक्तियों द्वारा उक्त स्थलों की विशेष साफ सफाई कराई गई तथा 2.0 अभियान के अंतर्गत क्लीन टॉयलेट को मार्क करते हुए वार्ड क्रमांक 4 एवं वार्ड क्रमांक 8, नए बस स्टैंड के सार्वजनिक शौचालय की विशेष सफाई कराई गई जिसकी मॉनिटरिंग पवन शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा की गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, स्वच्छता समिति सभापति ज्योति पिंकू महाराज एवं स्कूल प्राचार्य उमेश यादव स्वास्थ्य सहायता समूह के घनश्याम सेन एवं समूह की महिलाएं तथा छात्राओं द्वारा विशेष सहयोग प्रदान कर स्थलों की सफाई कराई गई। यह अभियान 15 दिसंबर तक लगातार चलेगा। इस अभियान में उन स्थानों को चिन्हित किया जाना है। जहां पर नागरिकों द्वारा खुले में नित्यक्रिया की जाती है। उनका उन्मूलन भी किया जावेगा। इस अभियान में नागरिक एवं सामाजिक संगठन का विशेष सहयोग लिया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान तथा स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी सहज तेनगुरिया एवं नगर पालिका स्टाफ सम्मिलित रहा। इस अभियान की मॉनिटरिंग पवन शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा की जा रही है। अभियान का उद्देश्य शहर के सार्वजनिक स्थान को साफ स्वच्छ रखना एवं सार्वजनिक शौचालय को नागरिकों के उपयोग के मापदंडों पर खड़ा रखना है। इस अवसर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवक, सेविकाओं द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान संस्था प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने स्वयंसेवक से आह्वान किया कि वे पढ़ाई करते हुए गंदगी के खिलाफ लड़ाई जारी रखे। अपने घर, पड़ोस, मोहल्ले को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। स्कूल परिसर से रैली अम्बेडकर चौक पर पहुंची जहां नगरपालिका सफाई वीरों के साथ प्रतिमा एवं रोटरी की धुलाई कर सफाई की। इसके बाद रैली जय स्तंभ चौक पहुंचे और नगर पालिका कर्मचारियों के साथ स्वच्छता में सहयोग किया। इस दौरान एनएसएस बालक इकाई अधिकारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, मयंक जैन, अनुज गुप्ता, दीपेश मीणा सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहे। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बच्चों को स्वच्छता अभियान को आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।








# गैस एजेंसियों पर ई-केवायसी कराने लग रहीं कतारें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन द्वारा रसोई गैस पर सब्सिडी प्राप्त करने के लिये ईकेवाईसी को जरूरी कर दिया गया है। जिसके चलते इन दिनों नगर में संचालित इंडेन गैस एजेंसी एवं मां शीतला गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है। शासन के आदेशानुसार सभी गैस उपभोक्ताओं को अपनी गैस की आपूर्ति से संबंधित एजेंसी पर जाकर ईकेवाईसी करवाना जरूरी है अन्यथा उनके खातों में सब्सिडी आना बंद हो जायेगी। शासन द्वारा ईकेवाईसी कराने की अंतिम तिथी 31 दिसंबर तय की गई है। जिससे ईकेवाईसी कराने के लिये उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं जिससे एजेंसियों पर भारी भीड़ पड़ रही है। माँ शीतला गैस एजेंसी पर ई केवाईसी करने वाले ऑपरेटर ने बताया कि साइट पर अधिक लोड होने के कारण सर्वर की समस्या आ रही है और ई केवाईसी नहीं हो पा रही है। जिसके कारण अधिक समय लग रहा है। वहीं ई केवाईसी के लिये गैस की किताब एवं आधार कार्ड होना आवश्यक है क्योंकि बायोमैट्रिक मशीन पर आधार कार्ड के नंबर से मिलान करने के बाद अंगूठा लगाना पड़ता है। तब जाकर ई केवाईसी होती है। उपभोक्ता एजेंसी कार्यालय पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ई केवाईसी करा सकते हैं। सर्वर की समस्या के चलते लाइन में लगी महिलाओं की ईकेवायसी न होने से उन्हे बगैर ईकेवायसी के घर आना पड़ रहा है तथा दूसरे दिन फिर से ईकेवायसी कराने लाइन में लगने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# पटवारी सभागृह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को पटवारी सभागृह में आकांक्षी ब्लाक अंतर्गत पोषण ट्रैकर एप का प्रशिक्षण देने के लिये एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रेकर एप का प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में 15 सेक्टरों की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय राय ने एप से संबंधित छोटी-छोटी बारीकियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# गोष्ठी का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के आदेश अनुसार एलबीएस कॉलेज में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत नव प्रवर्तन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सुशासन एवं सुरक्षा तथा विश्व में भारत आदि विषयों पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत विकसित भारत के लक्ष्यों को बताया गया, कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक भास्कर दुबे के द्वारा पीपीटी के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति तथा 2047 तक भारत सरकार के लक्ष्य, उनकी गतिविधि तथा उस पर कैसे अमल हो सकता है इत्यादि पर गोष्ठी में जानकारी दी गई। प्रोफेसर पूनम तिवारी ने भी विकसित भारत पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। पीपीटी का कार्य एवं तकनीकी रूप से सहायता प्रोफेसर गौरव नामदेव कंप्यूटर विभाग द्वारा की गई। परिचर्चा में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर पियूष दुबे, प्रोफेसर मोहरसिंह गुर्जर, प्रोफसेर एसएन सोनी तथा प्रोफेसर प्रिया सुमन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### शासकीय अस्पताल के प्रसव कक्ष को मिला राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र

गंजबासौदा। राष्ट्रीय कल्याण विभाग ने पर सब कक्षा में दी जाने वाली सेवाओं के लिए तय मापदंड पूरा करने पर राष्ट्रीय प्रमाण पत्र दिया गया है। गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया का 9 सितंबर को राष्ट्रीय दल शासकीय जन चिकित्सालय के प्रसव कक्ष का निरीक्षण के लिए आया था। उसने निरीक्षण करने के बाद अपनी रिपोर्ट गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कल्याण विभाग को सबमिट की थी। इसके तहत विदिशा जिले में पहली बार शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय के प्रसव कक्ष को राष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है।

# नर्मदा यात्रा सेवा समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नर्मदा यात्रा सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार 8 जनवरी को नौलखी मंदिर से खराघाट बुधनी होशंगाबाद हेतु पैदल यात्रा निकाली जाना है। जिसके लिए नर्मदा यात्रा सेवा समिति की बैठक नौलखी मंदिर स्टेशन रोड पर संपन्न हुई। जिसमें निर्णय हुआ कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गंजबासौदा से खराघाट बुधनी होशंगाबाद तक पैदल यात्रा भव्य रूप से निकाली जायेगी। जिसमें प्रतिवर्ष समिति के करीब 150-200 सदस्य पैदल भजन-कीर्तन करते हुये नर्मदा के रथ के साथ यात्रा करते है। जिसमें रास्ते में 6 पड़ाव होते है इस दौरान भोजन प्रसादी, नर्मदा कथा आदि की व्यवस्था होती है। जिसमें प्रथम पडाव गुलाबगंज, दूसरा पडाव, विदिशा, तीसरा पडाव रायसेन, चौथा पडाव बरबटपुर, पांचवा पडाव कूमरी, छठा खराघाट बुधनी रहता है। सात दिवसीय पैदल यात्रा में श्रद्धालु नर्मदा पूजन, शिव अभिषेक एवं नर्मदा पुराण का श्रवण करते हुये यात्रा करते हैं। समिति में यह भी निर्णय हुआ कि प्रत्येक समिति सदस्य प्रतिदिवस अपने हर दानपात्र में एक रूपये डाले व वर्ष भर का एकत्रित कर 14 जनवरी को समिति में दान या अन्य समिति व्यवस्था हेतु समिति फंड में जमा कराए। बैठक में कथा व्यास प्रेमानंद शास्त्री (संरक्षक), गणेशराम रघुवंशी (संरक्षक), रामकरण सिंह रघुवंशी बरखेडा (अध्यक्ष), समिति सचिव रामसिंह रघुवंशी (पप्पू खेजरा) एवं भगवत सिंह (पप्पू बांकची), रमेश भदौरिया, लाल साहब सनाई (कोषाध्यक्ष), खुमानसिंह नरखेडा, मुन्नालाल भिदवासन (उपाध्यक्ष), यात्रा प्रबंधक निरजंन नरखेडा, मालम सिंह कूल्हा, रघुवीर सिंह नरखेडा सहित समिति की बैठक में विशेष रूप से विशाल दास वैष्णव उपस्थित रहे। समिति सदस्य बुधनी खराघाट पहुंचकर प्रतिवर्ष मकर सक्रंति पर्व पर पूजन कर विशाल चुनरी चढ़ाते हैं एवं विशाल भण्डारे का आयोजन, नर्मदा पुराण का श्रवण करते हैं। दिनांक 15 जनवरी को यात्रा वापिसी हो जायेगी। यह उक्त जानकारी समिति अध्यक्ष रामकरण बरखेरा द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप

### सुनील का सातवीं बार एमडीआरटी सम्मान



गंजबासौदा। सामाजिक बीमा एवं बीमा व्यवसाय को अत्यंत कठिन एवं चुनौतीपूर्ण कार्य माना जाता है। परंतु जीवन बीमा निगम अभिकर्ता सुनील साहू ने सार्वजानिक बीमा क्षेत्र का सबसे बड़ा सम्मान एमडीआरटी की उपलब्धि लगातार सातवीं बार अर्जित की है। वह अमेरिका में सम्मानित होंगे। वह ऐसा करने वाले भोपाल मंडल, सेंट्रल जोन से जिले के प्रथम अभिकर्ता हैं। शाखा के प्रबंधक शमीम खान, उप शाखा प्रबंधक हीमंत भीमगे, विकास अधिकारी आईए सिद्दीकी, समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उनका मुंह मीठा कराकर बधाई दी गई है।

# दुकानदार डाल रहे नालियों में कचरा



गंजबासौदा। एक ओर जहां नगरपालिका द्वारा नगर को साफ, सुधरा और स्वच्छ बनाने के लिए लगातार जागरुकता अभियान, सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। जिससे कि नगर को स्वच्छ बनाया जा सके। वहीं दूसरी ओर कई दुकानदारों द्वारा समझाइश देने के बाद भी कचरे को इकट्ठा न कर, नालियों में डाल दिया जाता है जिससे नालियां चोक हो रहीं हैं तथा नगरपालिका सफाई कर्मियों को साफ, सफाई में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नपा ने दुकानदारों से सहयोग की अपील की है।

### गंभीर बीमारियों का इलाज भी सर्वोदय में आयुष्मान कार्ड से होगा

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुई187 मरीजों की जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को बाल मित्र ग्राम पंचायत भिलाय में सर्वोदय अस्पताल एवं फाउन्डेशन के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सुरेन्द्र रघुवंशी, टीम मैनेजर दीपक कुमार सेन, संजना वर्मा, नेहा अहिरवार, सचिन परिहार ,राज सोलंकी ने आदिवासी बाहुल्य ग्राम कालापाठा, खजूरी के लगभग 187 मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को सर्वोदय अस्पताल बुलाया गया। उक्त शिवर में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, सरपंच कैलाश यादव , जिला समन्वयक अब्दुल कादिर , हजारी लाल पाटस्कर, एपीओ अंकित शर्मा, दीपक मिश्रा, रविन्द कुशवाह, गोविन्द कुशवाह, सरोज विश्वकर्मा ने मरीजों का परीक्षण कराया। इस अवसर सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि अब भोपाल जाने की जरुरत नहीं है, अब गम्भीर बीमारी वाले मरीजों का उपचार अयुष्मान कार्ड से सर्वोदय अस्पताल मे किया जाऐगा। डीसी अब्दुल कादिर ने बालश्रम, बाल मजदूरी, बाल विवाह के विषय में बताया। सीएसडब्लू कार्यकर्ता हजारी लाल पाटस्कर ने करुणा के विषय में संवेदना सहानुभूति और करुणा के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अंकित शर्मा ने किया एवं आभार दीपक सेन द्वारा व्यक्त किया गया।

### पुलिस लेकर पहुंची आरोपियों को घटना स्थल



गंजबासौदा। स्टेट बैंक के सामने एक बैंककर्मी पर फायरिंग कर लूट का प्रयास करने वाले आरोपियों की गत दिवस गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने इन आरोपियों को आगामी 15 दिसंबर तक रिमांड पर ले रखा है। बुधवार को इसी सिलसिले में पुलिस एक आरोपी को घटना स्थल पर लेकर पहुंची और उससे बैंक ऑफ बडौदा से लेकर भारतीय स्टेट बैंक तक की गई उनकी सभी गतिविधियों के बारे में पूछताछ की। साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की कि इन आरोपियों ने वारदात के दौरान कहां और क्या किया, कहां से होकर भागे। अभी इन आरोपियों के दो अन्य साथी फरार हैं और पुलिस उनकी भी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। इसके बाद ही इन आरोपियों के स्थानीय मददगार के बारे में भी जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

# वेतन न मिलने पर मंडी गार्ड अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




कृषि उपज मण्डी में कार्यरत गार्डों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते उन्हें परिवार के भरण पोषण में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन की मांग को लेकर गार्ड कई बार कृषि उपज मण्डी समिति को अवगत करा चुके हैं लेकिन गार्डों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया गया। वेतन के चलते आ रही परेशानियों से तंग आकर कृषि उपज मण्डी में कार्यरत सभी गार्ड अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गऐ हैं। साथ ही हडताल कर रहे गार्डों ने प्रशासन को भी ज्ञापन सौंपकर शीघ्र वेतन दिलाए जाने की मांग की है। इस संबंध में मण्डी सचिव कमल कुमार बगवैया ने बताया कि मण्डी में लगभग 60 गार्ड कार्यरत हैं। उनके टेंडर को लेकर मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इस कारण वेतन भुगतान में बिलंब हुआ है।

### हुई 29 महिलाओं की नसबंदी



त्योंदा। बुधवार को त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र पर नसबंदी शिविर आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीण अंचलों से अनेक महिलाएं आई। जिनमें से स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत डॉक्टर सिरेश रघुवंशी द्वारा 29 ग्रामीण महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गंजबासौदा जिला विदिशा (म.प्र.)

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/PWD/2023/7946 गंजबासौदा, दिनांक 13/12/2023

नगर पालिका परिषद गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| ई-निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD _318403_1 | Work of Augmentation of Water Supply System of Ganjbasoda Town under AMRUT 2.0 | 125512000.00 | 627560.00 | 30000.00 | 22.12.2023 |
| 2023_UAD _318412_1 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विजयस्तंभ चौक से सावरकर चौक तक डामरीकरण कार्य | 213630.00 | 21400.00 | 5000.00 | 22.12.2023 |
| 2023_UAD _319241_1 | Rejuvenation Work Parasari River Under AMRUT 2.0 | 21247000.00 | 106235.00 | 15000.00 | 13.01.2024 |

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद गंजबासौदा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गंजबासौदा

## नई बस स्टेंड स्थित सब्जी मंडी को बनाया जाएगा सर्व सुविधायुक्त

# हाट-बाजार की प्राचीनता को लाया जाएगा वापस

**शीघ्र प्रांरभ होगा सीसी रोड का निर्माण, नपा की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई निरंतर जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर लगने वाला हाट बाजार एवं सब्जी मंडी एक समय में प्रसिद्ध हाट बाजार व सब्जी मंडी कहलाती थी। लेकिन कुछ वर्षो से इस हाट बाजार ने अपनी प्रसिद्धि खो दी। वर्तमान समय में यह हाट बाजार नाम मात्र का बाजार बनकर रह गया। वही अब नगर पालिका व स्थानीय प्रशासन पुनः इस ओर प्रयास में लगी है कि इस हाट बाजार पहले जैसे प्रसिद्धि मिल सकें। वर्तमान में हाट बाजार नया बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मंडी में लगाया जा रहा है। इस हाट बाजार और सब्जी मंडी को सुंदर बनाने के लिए कई तरह की सुविधाए जुटाई जा रही है।

### मंडी में जल्द बनेगी सीसी सड़क

नगर पालिका के प्रभारी सीएमओं राम प्रकाश साहू ने बताया कि विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देषन में नगर की सब्जी मंडी में सीसी सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। जहा पर दुकानदारों को बैठने व अपना व्यापार करने के लिए सुविधाए दी जाएगी। साथ ही मंडी परिसर में दुकानदारों को व्यापार करने के लिए किसी भी प्रकार की कोई परेषान न हो और बारिष व गर्मी के समय में व्यापारियों को तेज धूप व बारिष से बचने के लिए परिसर में टीनषेट लगाया जाएगा। वही वर्तमान में सब्जी मंडी में कीचड़ होने के कारण दुकानदारो को मंडी परिसर में दुकान लगाने एवं ग्राहकों को कई प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ता है जिसको देखते हुए मंडी परिसर में सीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सीसी सड़क का निर्माण कार्य होने के बाद व्यापारियों व ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नही करना पड़ेगा।



### फिर लौटेगा प्राचीनता में हाट-बाजार

एसडीएम हर्षल चौधरी एवं प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा का कहना है कि प्राचीन समय में सिरोंज का हाट बाजार काफी प्रसिद्ध हुआ करता था। उस समय हाट बाजार में दूर दराज क्षेत्रो से दुकानदार व्यापार के लिए आया करते थें। सप्ताह में शुक्रवार के दिन लगने वाले हाट बाजार के लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों इस हाट बाजार का इंतजार रहता था। लेकिन जैसे जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे इस हाट बाजार ने भी अपनी प्रसिद्धि खो दी। जिसके चलते इस हाट बाजार में पहले जैसी रौनक नही देखी जाती। वही यह प्रयास किया जाएगा कि जो पूर्व में हाट बाजार की प्रसिद्धि थी उसे पुनः उसी रूप में लाया जाए।

### नपा की अतिक्रमण विरोधी मुहिम ने पकड़ी गति

स्थानीय प्रशासन ने बुधवार को नपा अमले के साथ नया बस स्टेण्ड व पुराना बस स्टेण्ड पर पहुचकर अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई। नपा के प्रभारी सीएमओ राम प्रकारष साहू का कहना है कि हाट बाजार,पुराना बस स्टेण्ड पर अतिक्रमण होने एवं दुकानदारों द्वारा सड़को पर अपना समान रखने से आए दिन दो पाहिया वाहन चालको को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता था। वही शुक्रवार के दिन हाट बाजार में भीड़ बढने से पैदल चलने वाले नागरिकों को भी छोटी छोटी गलियों में से घूमकर बस स्टेण्ड जाना पड़ता था। जिसको देखते हुए पुराना बस स्टेण्ड व हाट बाजार में हो रहे अतिक्रमण पर नपा द्वारा कार्यवाही की गई है साथ ही दुकानदारों व अतिक्रमणकारियों को समझाइष दी गई है कि यदि किसी भी व्यक्ति ने सड़क पर दुकानों का समान रखकर अतिक्रमण किया तो नपा द्वारा उक्त व्यक्ति पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।

### निरंतर जारी रहेगी नगर पालिका की कार्रवाई

एसडीएम हर्षल चौधरी का कहना है कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए हमें विधायक उमाकांत शर्मा के कई निर्देष प्राप्त हो रहें है लेकिन इस कार्य में शहर के नागरिकों का भी सहयोग की आवष्यकता है तब जाकर सिरोंज शहर सुंदर एवं स्वच्छ बन पाएगा। वही उन्होने कहा कि इस कार्य में शहर के युवाओं को भी आगे आकर सहयोग करना चाहिए और अपने सुझाव देना चाहिए। उन्होने कहा कि नपा द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण मुहिम जब तक जारी रहेगी जब तक सिरोंज शहर अतिक्रमण मुक्त न हो। यदि शहर अतिक्रमण मुक्त होते है तो इसका फायदा भी शहरवासियों को ही मिलेगा।

**धुंधकारी व गौकर्ण की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता**

# ग्राम भौरिया में किया जा रहा भागवत कथा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम भौरिया में चल रही सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित आचार्य अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने गौकर्ण और धुंधकारी की कथा का रसपान कराया। कथावाचक ने कथा में बताया कि तुंगभद्रा नदी के तट पर आत्मदेव नामक एक व्यक्ति रहता था। उसकी पत्नी का नाम धुंधुली था। वह झगड़ालू किस्म की थी। संतान न होने के कारण पति परेशान रहता था। बुढ़ापे में संतान का मुख देखने को नहीं मिलेगा तो पिंडदान कौन करेगा। कथावाचक ने आगे बताया कि वह आत्मदेव दुखी मन से आत्महत्या के लिए कुआं में कूदने वाला था तभी एक ऋषि ने उसे बचा लिया। ऋषि ने पूछा क्यों आत्महत्या करने जा रहे हो। इसके बाद ऋषि की बात को सुनकर आत्मदेव ने कहा ऋषिवर मेरे एक भी संतान नहीं है। इसके अलावा मैंने गाय पाल रखी है। गाय के भी संतान नहीं है। इस कारण आत्महत्या करने का कदम उठाया। यह सुनकर ऋषि ने अपने थैले से फल निकालकर कहा कि तुम यह फल अपनी पत्नी को खिला देना, इससे एक संतान की प्राप्ति होगी। घर जाकर आत्मदेव ने फल अपनी पत्नी को दिया, लेकिन पत्नी ने सोचा कि अगर में गर्भवती हो गई तो 9 महीने तक कहीं आने-जाने का मौका नहीं मिलेगा। अंततरू उसने फल को नहीं खाया। एक दिन उसकी बहन घर आई। उसने सभी किस्सा बहन को सुनाया। बहन ने कहा मैं गर्भवती हूं। प्रसव होने पर बच्चा तुम्हें दे दूंगी। तुम ये फल गाय को खिला दो। आत्मदेव की पत्नी ने अपनी बहन की बात में आकर फल गाय को खिला दिया। कुछ दिन के बाद धुंधुली को उसकी बहन ने बच्चा दे दिया। इसके बाद संतान को देखकर आत्मदेव बड़ा खुश हुआ। बच्चे का नाम एक विद्वान पंडित ने धुंधकारी रख दिया। इसके बाद गाय ने भी एक बच्चे को जन्म दिया जो मनुष्याकार था पर उसके कान गाय के समान थे। उसका नाम गोकर्ण रख दिया।

पंडित आचार्य अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने आगे बताया कि गोकर्ण और धुंधकारी दोनों गुरुकुल गए। गुरुकुल में अपना कार्य खुद करना पड़ता है। इस बीच धुंधकारी नशेड़ी, चोर निकल गया। एक दिन उसने अपनी माता को मार डाला। पिता व्यथित होकर वन चले गए। धुंधकारी वेश्याओं के साथ रहने लगा। वेश्याओं ने एक दिन धुंधकारी को मार डाला। मरने के बाद धुंधकारी भूत-प्रेत बन गया। धुंधकारी का भाई अपने घर में सोया रहता था, तभी प्रेत धुंधकारी ने आवाज लगाई कि भाई मुझे इस योनि से छुड़ाओ। गौकर्ण त्रिकाल संध्या की पूजा करते थे। तभी सूर्यनारायण भगवान से पूछते हैं कि इसके लिए क्या उपाय करना पड़ेगा। सूर्यनारायण ने कहा कि तुम सात गांठ बांस मंगाओ और भागवत का आयोजन करो। हर दिन बांस की गांठ धीरे-धीरे फट जाती है, जो सात दिन फटती है। तब पवित्र होकर धुंधकारी एक दिव्य रूप धारण करके सामने खड़ा हो जाता है।

**इस तरह की पहल विद्यार्थियों और समाज को सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देने का पाठ सिखाती हैः दीपाली अल्हाट**

# जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व कंबल वितरित कर मनाया मानवाधिकार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोज

संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के स्टॉफ व बच्चों ने गरीब बस्तियों में पहुचकर जरूरतमंद लोगों को कंबल,कपड़े एवं बच्चों को खिलौने और खाद्य सामग्री वितरित कर मनाया मानवाधिकार दिवस मनाया। इस अवसर पर स्कूल ने एक मार्मिक पहल करते हुए प्रिंसिपल, स्टाफ और विद्यार्थियों ने सिरोंज के जरूरतमंद लोगों को कपड़े, स्टेशनरी, खिलौने और खाद्य सामग्री जैसी आवश्यक चीजें वितरित करने के लिए दो पालियों में संपन्न किया। सुबह के समय अयोध्या बस्ती और अलीगंज पहाड़ पर स्थित बस्ती में पहुचकर गर्म कपड़े, स्टेशनरी और खिलौने बाटे। तो वही शाम की पाली के दौरान, स्कूल स्टाफ द्वारा सर्द रातों की चुनौतियों को पहचानते हुए कंबल वितरित किए और चाय और बिस्कुट जरूरतमंदों को बाटे गए। यह कार्यक्रम सचमुच सार्थक क्षणों से भरा था, जो उदारता और करुणा की भावना को दर्शाता था। विद्यालय की प्राचार्य दीपाली अल्हाट ने संस्कार ग्रीन वैली स्कूल में सकारात्मक और आनंदमय माहौल बनाने में सहयोग करने के लिए सभी अभिभावको, विद्यार्थियों और स्टाफ के योगदान के लिए धन्यवाद प्रेषित किया और कहा कि इस तरह की पहल वास्तव में विद्यार्थियों और समाज को सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देने का पाठ सिखाती है।



# कुचवाडा ओशो धाम में मनाया आचार्य रजनीश का जन्मोत्सव

## देश-विदेश के ओशो शिष्यों की रही उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली/ खरगोन

आचार्य चन्द्रमोहन रजनीश का जन्म उदयपुरा तहसील के जंगल किनारे बसे ग्राम कुचवाडा में नाना के घर 11 दिसम्बर 1932 को हुआ था। आचार्य रजनीश के शिष्यों ने उनके जन्म स्थान को ओशो तीर्थ के रूप में विकसित किया। बरेली तहसील के ग्राम खरगौन से ओशो तीर्थ कुचवाडा 8 किमी दूर बरेली, सिलवानी, उदयपुरा तहसील की सीमाओं के पास स्थित है।

### देश विदेश से आए शिष्य

11 दिसम्बर से देश विदेश से आए शिष्यों की ओशो धाम में उपस्थिति रही। विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। ओशो का जन्म जिस स्थान में हुआ था, उसे पुरानी स्थिति में बनाये रखते हुए जीर्णोधार किया गया है। ओशो के ध्यान योग के लिए अलग से केंद्र बनाया गया।



ओशो जन्मोत्सव पर जापान की एक शिष्या द्वारा हिन्दी में गीत गा कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। जिस कमला मां ने ओशो को बचपन में गोद में खिलाया था, उनकी आयु लगभग 100 वर्ष हो गई है। कमला माँ आर्थिक रूप से अत्याधिक परेशान है। आचार्य रजनीश उर्फ चन्द्रमोहन जैन के बचपन की अनेक कहानियां सुनाई, कमला माँ ओशो के नाना के यहॉ घरेलु कामकाज किया करती थी। बताया कि 7 वर्ष की उम्र में चन्द्रमोहन नाना के घर ग्राम कुचवाडा से गाडरवारा चले गए थे। आज सिर्फ आचार्य रजनीश की स्मृतियां ही शेष रह गई है।

# आसमान में बादलों का छंटा डेरा तो ठंड ने पकड़ा जोर, गीली धान सुखा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले 2-3 सप्ताह से आसमान में बादलों का डेरा बना रहने के साथ कभी -कभी बारिश भी हुई। पिछले 3-4 दिनों से मौसम कुछ ठीक होने, आसमान में छाये बादलों का डेरा हटने छटने और धूप निकलने के कारण किसानों द्वारा बारिश में भींगी धान का सुखाने का कार्य किया जा रहा है। जहॉ पिछले दिनों अधिक बारिश हुई, कटी और खेतो में खडी धान पानी में डूब गई थी। ऐसे ग्रामों के किसानों की पहली प्राथमिकता धान को सडऩे से बचानें, सुखाने का कार्य किया जा रहा है।

बाड़ी-बरेली क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में बारिश दीपावली और चुनावों के कारण धान की कटाई, थ्रेसिंग का कार्य प्रभावित बना रहा। 15-20 दिनों धान के कार्य में बिलंब होना किसानों के लिए भारी परेशानियों के साथ नुकसान का कारण बन गया। मौसम ठीक होने पर क्षेत्र के सैकड़ों किसान धान को बचानें, सुखाने के



कार्य में सक्रिय बने हुए हैं। जिस प्रकार धान की कटाई, थ्रेसिंग में 15-20 दिनों का बिलंब हुआ, उसी कारण आधा दिसम्बर माह बीतने को है। किसान खेतो का पलेवा और बखरनी के बाद गेंहू की बोवनी के लिए जल्दबाजी करते नजर आ रहे है। किसानों का कहना है कि 30 नवम्बर के बाद गेंहू की बोवनी होने पर उत्पादन में गिरावट की संभावना रहती है। आसमान से बादल छटते ही दिन और रात के तापमान में गिरावट आने के साथ शीत का जोर बढ गया है। नगर एवं क्षेत्र के निवासी 24 घंटो गर्म कपड़ों का उपयोग करने के साथ ठंड की अधिकता में आग ताप कर बार-बार चार पीकर शरीर को गर्म बनाये रखने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। आने वालें दिनों में शीत का ओर अधिक प्रकोप बढने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# नौ मंडलों में प्रखंड नटेरन से अक्षत कलश वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश नौ मंडलों में प्रखंड नटेरन से वितरण किए गए। अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विश्व हिंदू परिषद 1 से 15 जनवरी तक व्यापक अभियान चलाएगा। अयोध्या से आए अक्षत कलश नटेरन राम जानकी मंदिर से 9 मंडलों में पहुंचाए गए हैं। वहीं अभियान संयोजक नीरज दलेरिया ने बताया नटेरन के वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित कर कलशों का पूजन व अभिमंत्रित कराए गए 9 मंडलों के संयोजक सहसंयोजक पलक उपस्थित रहे अभियान के विभाग सह संयोजक विक्रम रघुवंशी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उन्होंने बताया 15 दिसंबर से 25 दिसंबर तक 9 मंडलों की बैठक तय की गई है। जिनमें सभी ग्राम समितियां उपस्थित होगी और वहीं से 1 जनवरी से प्रत्येक गांव और मोहल्ले में निमंत्रण मैं प्रत्येक परिवार को एक पत्रक एक राम जी के मंदिर का चित्र और लिफाफे में पीले अक्षर प्रत्येक परिवार को दिए जाएंगे नटेरन में विश्व हिंदू परिषद ओर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता 16000 परिवारों से सीधा संपर्क करेंगे।

# जनपद स्तरीय समितियों का गठन

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित आयोजन के लिए प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर एक-एक जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति के गठन के आदेश जारी किये है। कलेक्टर आर्य के द्वारा जारी आदेश में प्रत्येक जनपद पंचायत स्तरीय क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष स्थानीय अनुविभागीय राजस्व अधिकारी होंगे जबकि समिति का सदस्य सचिव संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ होंगे । इसके अलावा समिति में 16 सदस्य भी शामिल किए गए है। समिति विकासखण्ड स्तर व ग्राम पंचायत स्तर से समन्वय कर कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसके अलावा हितलाभ उपलब्ध कराना व कार्यक्रमों की मानिटरिंग करने के साथ-साथ प्रचार-प्रसार, समन्वय, रिपोर्टिंग इत्यादि कार्यो को भी संपादित करेंगी।

# ओवरलोड डंपरों से हो रहा रेत का अवैध परिवहन

## करोड़ों से बना मार्ग बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील  किसान जोखिम भरी स्थिति में कर रहे सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बारिश से पूर्व नर्मदा तट सतरावन एवं अन्य स्थानों से नर्मदा रेत का दिन रात अवैध परिवहन होता रहा। रेत से भरे ओव्हर लोड डम्फर करोडो की लागत से बनी सड़क पर दौड़ते रहे। परिणाम स्वरूप बारिश के दिनों और बारिश के बाद उक्त मार्ग पर जोखिम भरी स्थिति में वाहनों का आवागमन हो रहा है। बगलवाडा मार्ग से लगभग एक दर्जन ग्राम जुडे हुए है। ग्रामीण किसान गहरे-बडे बडे गड्ढो के कारण बमुश्किल पैदल चल पा रहे है।

### वाहन आगजनी की हुई घटनाएं

बारिश से पूर्व रायसेन जिले के साथ अन्य जिलो के भारी संख्या में डंफरों का रेत परिवहन के लिए आना जाना लगा रहा। इसी के साथ सैकड़ों ट्रालिया भी रेत के परिवहन में दिन रात लगी रही। मार्ग इतनी अधिक भार



क्षमता के काबिल नहीं था। परंतु रेत के खेल में स्थानीय और जिला स्तरीय अधिकारी जन प्रतिनिधी कार्यवाही के प्रति उदासीन बने रहे। खनिज विभाग को लाखों, करोड़ों की रायल्टी का नुकसान हुआ, वहीं करोडों रुपए खर्च कर बनी सड़क खतरनाक गड्ढों में तब्दील हो गई। रेत के खेल में निजी लाभ के लिए अनेक विवाद हुए, जिनमें दो ऐसी घटनाएं हुई जिसमें रेत माफिया से जुड़े लोगों द्वारा डंफर, मशीनों में आग लगा दी गई।

### रेत का खेल शुरू

जैसे ही बारिश का सीजन समाप्त हुआ, देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के नर्मदा तटों से अवैध रूप से रेत उत्खनन, परिवहन का सिलसिला शुरू हो गया है। सबसे बडी और आश्चर्य की बात यह है कि जिला प्रशासन, खनिज विभाग द्वारा रेत का अवैध परिवहन रोकने, प्रभावी कार्यवाही के लिए विभिन्न मार्गो पर चैकिया स्थापित की गई है। जो निरंतर निष्प्रभावी बनी हुई है। मशीनों से रेत का उत्खनन पूरी तरह प्रतिबंधित होने के बाद मशीनों का उपयोग हो रहा है। डम्फर हो या ट्रेक्टर ट्राली उनमें रेत भरने की सीमा है, परंतु नर्मदा तटो से वापस होते डम्फरों में भार क्षमता से अधिक मात्रा में ओव्हर लोड रेत का परिवहन किए जाने से बगलवाड़ा मार्ग ही नहीं नर्मदा तटवर्ती ग्रामों के अधिकांश मार्ग गड्डों में तब्दील होने से परेशानी बन रहे हैं।

# पुलिस ने चोर गिरोह को किया गिरफ्तार चोरी गया मशरुका मय वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

पुलिस अधीक्षक सागर अभिषेक तिवारी द्वारा चोरियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान में चोरी गये माल की बरामदगी व चोरी की घटनाओ की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार डॉ. संजीव कुमार उइके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना, शिखा सोनी एसडीओपी बण्डा के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के चोरी की घटनाओ की रोकथाम व चोरी गया मशरुका बरामदगी, आरोपियो की गिरिफ्तारी हेतु थाना प्रभारी बंडा के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर गंभीरता से प्रयास करने पर 09 दिसम्वर को फरियादी दीपक पिता श्यामलाल यादव उम्र 34 साल निवासी वार्ड क.14 बण्डा ने रिपोर्ट लेख कराया कि 07 दिसम्वर की दरम्यानी रात्रि डॉ अम्बेडकर उपभोक्ता भण्डार दलपतपुर में कोई अज्ञात चोर द्वारा दुकान का ताला तोडकर 06 बोरी गेहू 11 बोरी चावल कुल कीमत 23000रु. की चोरी कर ले गया। फरियादी सौरभ पिता सनत कुमार जैन उम्र 36 साल निवासी वार्ड क.13 बरायठा स्टेण्ड बण्डा ने रिपोर्ट लेख कराया कि कस्वा बण्डा में इसके गौदाम में रखी कुल 74 बोरी उडद व 06 बोरी गेहू कुल कीमत एक लाख पचास हजार रुपये की गोदाम का ताला तोडकर चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर थाना बण्डा में अप.क. 1017/23 धारा 457,380 ता.हि. का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।दौरान विवेचना के थाना स्तर पर गठित टीम को सक्रिय कर पतारसी हेतु हर संभव प्रयास किये गये ।

**आदर्श महिला बहुउद्धेशीय सह संस्था नौघई तह बासौदा**

पंजी क्र. -671/19.12.2007

आदर्श महिला बहुउद्धेशीय सह संस्था नौघई की सदस्यता सूची का प्रकाशन 11.12.23 को संस्था कार्यालय नौघई मे किया गया सदस्यता सूची पर आपति 18.12.23 तक पी. एस. रघुवंशी को लिखित मे जनपद पंचायत कार्यो बासौदा मे प्राप्त की जावेगी एवं सदस्य को अलग अलग सूचना भेजी जावेगी।

**पी एस. रघुवंशी**
**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**आदर्श महिला बहुउद्धेशीय सह संस्था नौघई**

## जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' आयोजन की तैयारियों की प्रभारी अधिकारी ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶रायसेन

बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में सरकार द्वारा जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए बनाए प्रभारी अधिकारी प्रोवश रंजन विश्वास आईओएएस आर्थिक कार्य विभाग ने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित होने वाले शिविरों तथा कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। रायसेन में "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के तहत 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ ही पात्र लाभार्थियों को हितलाभ दिए जाएंगे।

कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन हेतु की गई व्यवस्थाओं तथा तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कलेक्टर ने बताया कि रायसेन जिले में 12 नगरीय निकायों और 521 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित किए जाएंगे। रायसेन जिले को आठ आईईसी वेन प्राप्त हुई हैं। यात्रा हेतु रूटचार्ट बनाते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने जिले में केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, अभी तक लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या, कार्यक्रम स्थल पर आयोजित होने वाले शिविरों में स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, कृषि विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्य विभाग सहित संबंधित विभागों द्वारा लगाए जाने वाले काउंटर्स, योजनाओं के प्रचार-प्रसार, आवेदन प्राप्त किए जाने, पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।




### यात्रा स्थलों पर ड्रोन से खेतों में नैनों यूरिया का होगा छिड़काव

*बैठक में जानकारी दी गई कि कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाकर नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत सहित केन्द्र सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी तथा हितलाभ वितरित किया जाएगा।*

*कृषि विभाग द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थलों पर ड्रोन से खेतों में नैनों यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही मिट्टी स्वास्थ्य परीक्षण, जैविक खेती तथा उन्नत कृषि तकनीकों की भी जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य केन्द्रीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए आवेदन भी लिए जाएंगे।*

### पशु और मत्स्य पालकों को होगा केसीसी वितरण

इसी प्रकार विभिन्न बैंकों द्वारा शिविरों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना के फार्म लिए जाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पशुपालकों और मत्स्य पालकों को केसीसी वितरण किया जाएगा। इनके अतिरिक्त खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा की गई तैयारियों से भी अवगत कराया गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, एसडीएम रायसेन मुकेश सिंह सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



### आईईसी वेन पंचायतों तथा निकायों में पहुंचकर करेगी योजनाओं को प्रसारित

आठ आईईसी वेन द्वारा नगरीय निकायों के वार्डों तथा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी अधिकारी प्रोवश रंजन विश्वास ने कलेक्ट्रेट परिसर में आईईसी वेन का निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा आईईसी वेन हेतु बनाए रूट चार्ट तथा यात्रा की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। इन आईईसी वेन द्वारा सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आईईसी वेन में उपलब्ध ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पम्पलेट, बुकलेट से सूचनाओं और जानकारियों को आमजन तक पहुँचाया जाएगा।

# प्रसूति वार्ड के मेडिसिन रूम की छत से गिरी सीलिंग

### नीचे बैठी थी नर्स, हो सकता था बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶रायसेन

बुधवार को जिला अस्पताल के नए भवन के प्रसूति वार्ड के मेडिसिन रूम की सीलिंग गिर गई। यह तो गनीमत रही की जब सीलिंग गिरी उसे समय नीचे एक स्टाफ नर्स बैठी थी पर उन्हें कोई चोट नहीं लगी है।

जिला अस्पताल प्रबंधक द्वारा इस बात की जानकारी पीआईयू विभाग को दी गई है। बता दें 14.37 करोड़ की लागत से ये भवन बनाया गया है। आचार संहिता लगने से पहले इस भवन में शिफ्टिंग भी हो चुकी थी पर भवन में कई खामियां निकल रही है। नए भवन का ड्रेनेज सिस्टम इलेक्ट्रिकल सिस्टम ठीक नहीं होने से यहां शॉर्ट सर्किट के कारण कई उपकरण खराब हो रहे हैं। पहले भी इस नए भवन के प्रसूति वार्ड का गेट टूट चुका है। जिसमें एक नर्स को हाथ में चोट लगी थी।

## हेड कॉस्टेबल के पति ने किया सुसाइड

**रायसेन।** बुधवार को कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुषमा सिंह के पति रंजीत सिंह (55) ने पुलिस लाइन स्थित सरकारी क्वॉर्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने से पहले मृतक ने अपने परिचित को फोन लगाया और कहा कि मैं सुसाइड कर रहा है।

जब परिचित घर पहुंचा तो वहां ताला लगा था खिड़की से देखने पर रंजीत सिंह फांसी के फंदे पर झूल रहा था। इस दौरान पत्नी सुषमा सिंह ड्यूटी पर थीं। परिचित ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर मृतक को फंदे से उतारा और जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल सुसाइड का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### अभा तारण-तरण युवा परिषद का किया विस्तार

**सिलवानी।** अखिल भारतीय तारण तरण युवा परिषद चैत्यालय इकाई सिलवानी की कार्यकारिणी का विस्तार किए जाने को लेकर युवा परिषद की बैठक आयोजित की गई। जिसमें युवाओ को दायित्व सौंपे गए। अखिल भारतीय तारण तरण युवा परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष संजय समैया की अनुशंसा पर कार्यकरिणी का विस्तार किया। जिसमें संयोजक उत्सव समैया, परामर्शदाता पुनीत समैया, अध्यक्ष सजल जैन, महामंत्री आशीष मस्ताना, उपाध्यक्ष अनुज समैया, लाला प्रशांत कुमार मिर्जापुर वाले, कोषाध्यक्ष अंबर समैया, प्रवक्ता शोभित जैन, प्रचार मंत्री पर्व समैया, सांस्कृतिक मंत्री अनुभव शास्त्री, संगठन मंत्री निखिल जैन निक्की, सहमंत्री अतिशय पटेल,कार्तिक जैन को बनाया।

### 2019 के वाहनों पर लगानी होगी एचएसआरपी नं प्लेट

**रायसेन।** उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत रिट याचिका ऐश्वर्या शांडिल्य विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन में 11 जुलाई को आदेश पारित करते हुए निर्देशित किया है कि मध्यप्रदेश के 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट 15 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से लगाया जाना है। इसके लिए भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिकृत एजेंसियां/डीलर/ओइम द्वारा वाहनों में एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाने अधिकृत किया है। आवेदक द्वारा नजदीकी डीलर को एचएसआरपी लगाने के संबंध में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। शासकीय एवं अशासकीय वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट 15 दिसम्बर 2023 तक लगाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

## बिजली डीपी पर काम कर रहे युवक को लगा करंट

### डॉक्टरों ने बताया खतरे से बाहर युवक

**सलामतपुर।** बुधवार को सुबह के समय सलामतपुर पंचायत के राजीवनगर में डीपी पर बिजली का फाल्ट सुधार रहे एक युवक को करंट लग गया। जिसे बेहोशी की हालत में विदिशा अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

परिजनों से मिली जानकारी अनुसार राहत अली हिंदुस्तानी निवासी राजीवनगर बुधवार सुबह लगभग सात से आठ बजे के बीच राजीवनगर में ही लाइन फाल्ट होने से बिजली डीपी पर सुधार का कार्य कर रहा था। बिजली लाइन तो बन्द थी मगर एलटी बुशिंग में हाथ लगने से राहत अली को बिजली का झटका ज़ोर से लग गया। जिसकी वजह से उसके सिर व हाथ में चोटें आई हैं और शरीर भी काला पड़ गया। ऐसा बताया जा रहा है कि शाम तक राहत अली बात करने लगा और डॉक्टरों द्वारा बताया गया है कि अब वह खतरे से बाहर है।



# अतिक्रमण की चपेट में फुटपाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶बाड़ी

तहसील मुख्यालय पर बेरोकटोक बढ़ता अतिक्रमण दर्शाता है कि स्थानीय प्रशासन लापता है। आवागमन के मुख्य मार्गों से लेकर शासकीय गोहे तक, गली-मोहल्लों से लेकर चौरारों तक अतिक्रमण की चपेट में है। दिनो-दिन बढ़ते अतिक्रमण से पैदल चलना कठिन हो गया है।

नगरीय सीमा क्षेत्र के मुहाने बालाजी मंदिर से लेकर कर्मा पेट्रोल तक पंप तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 के दोनों ओर के फुटपाथ स्थायी-अस्थायी अतिक्रमण से लबरेज है। इसी प्रकार शासकीय गोहे आवासीय व्यवसायिक प्रतिष्ठांन में तब्दिल हो चुके है। राज मार्ग के फुटपाथों पर सड़क किनारे तक दुकानदारों ने बेजा कब्जा कर अपना सामान फैला रखा है।

नतीजतन, दो पहिया चार पहिया, भार वाहन घंटो तक आवागमन के बेतरतीब खड़े होकर सुगम आवागमन में बाधा उत्पन्न करते है वहीं गंभीर सड़क दुर्घटनाओं के सबब बने हुए है। बाड़ी धाने से चंद कदमों की दूरी पर स्थित चितामन- चौराहे पर सुमठी- देला व्यावसायियों, फल-सब्जी विक्रेताओं ने कब्जे जमा इखे है। चौराहे के इर्द-गिर्द के दुकानदारों ने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर के दुकानदारों ने टीन शेड के अलावा पुरचाथ तक कब्जा जमा रखा है।

चिंतामन चौराहे पर सुबह से देर रात भीड़ के साथ-साथ वाहनों' का जमावडा रहता है। परिणामस्वरूप इस चौराहे पर सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कमोबेश यही हालात मंगलवार बाजार रोड और बकतरा रोड़ के भी है। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता से नगरीय सीमा क्षेत्र के चकबंदी अभिलेख एवं बंदोबस्त अभिलेख में पर्ज शासकीय गोहों पर पूंजीपति रसूखदार व्यक्ति ने कब्जा कर आवासीय एवं व्यावसायिक पक्के प्रतिष्ठान बना लिए है जिन पर आज तक बेदखली की कोई कार्यवाही नहीं की गई।

जानकारों के अनुसार गोरे के अतिक्रमणकारियों एवं हल्का पटवारी के बीच गहरी सांठ- गांठ होने से अतिक्रमण की अनदेखी की जा रही है।

## अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन में नगर के सत्यम बने कार्यकारिणी सदस्य, दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶बाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत प्रांत का 56 व राष्ट्रीय अधिवेशन इंद्रप्रस्थ नगर दिल्ली में आयोजित किया। इसमें 18 जिलों की विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कराई। इस आयोजन 7 दिसंबर से लेकर 10 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रांत की कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई जिसमें जिले ब्लॉक एवं नगर प्रांत सदस्यों की उपस्थिति में उन्हें सदस्य मनोनीत किया। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्मध्यभारत प्रांत के बाड़ी इकाई से प्रांत कार्यकारिणी सस्स्य से सत्यम विश्वकर्मा को मनोनीत किया गया।

### शुभम बने अभाविप के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य

*सिलवानी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन देश की राजधानी दिल्ली में हालिया दिनों में आयोजित किया गया। इस अधिवेशन में देश भर से दस हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा किया गया। इस मौके पर देश की नामचीन हस्तियां मौजूद रही। दो सत्र में आयोजित किए गए कार्यक्रम में तहसील के कस्बा बम्होरी के अभाविप के नगर मंत्री शुभम सेन को प्रातं कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया। प्रांतीय अधिवेषन 7 से 10 दिसबर तक आयोजित किया गया। शुभम सेन के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए जाने पर शुभ चिंतको, मित्रो, अभाविप कार्यकताओं आदि ने खुशी का इजहार कर शुभकामनाए दी।*



## 26 जनवरी तक जारी रहेगी यात्रा

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को लेकर दिल्ली से आई टीम ने लोगों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सलामतपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को सुनारी सलामतपुर पंचायत कार्यालय में भारत सरकार दिल्ली से आए आर्थिक कार्य विभाग के प्रोवश रंजन विश्वास ने सरकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों से चर्चा की।

भारत सरकार के आर्थिक कार्यविभाग के प्रोवश रंजन विश्वास ने राजीवनगर की प्रति बाई पत्नी रामप्रसाद और सरजू बाई पत्नी शिवलाल से पूछा कि आपको कौन कौन सी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। तो हितग्राहियों ने बताया कि हमें पीएम आवास योजना, उज्वला योजना और शौचालय योजना का लाभ मिला है। वहीं उन्होंने समूह संचालन कर रही आरती, दीक्षा और सीमा से भी चर्चा कर समूह के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की योजनाओं से लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से लाभान्वित करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।



गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2024 तक प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलेगी। भारत सरकार द्वारा सभी जिलों को आईईसी वेन उपलब्ध करायी जाएगी। आईईसी वेन द्वारा सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पम्पलेट, बुकलेट इत्यादि से सूचनाओं और जानकारियों को आमजन तक पहुँचाया जाएगा। नगरीय क्षेत्र में प्रति 10 हजार जनसंख्या पर एक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें पिछड़ी, कम आय वाली और सघन शहरी बस्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी। बड़े नगरीय क्षेत्रों में एक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक वेन प्रति सप्ताह कम से कम 14 कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रत्येक पंचायत में एक कार्यक्रम आयोजित होगा।

इस दौरान रायसेन कलेक्टर अरविंद दुबे, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम मुकेश सिंह, सांची नायब तहसीलदार नियति साहू , मनरेगा के प्रवीण त्रिपाठी, सरपंच लक्ष्मी बाई, सचिव नज़र मोहम्मद व रोजगार सहायक ओमप्रकाश मौजूद रहे।

## बाल ब्रम्हचारी शांतानंद महाराज के सानिध्य में होगी तारण जयंती

# चैत्यालय में बैठक कर बनाई कार्यक्रमों की रुपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिलवानी

महान अध्यात्मिक संत तारण तरण मंडलाचार्य महाराज की 575 वी जंयती तारण तरण दिगंबर जैन समाज के द्वारा उल्लास पूर्वक मनाई जाएगी। कार्यक्रम को आयोजित बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रुप दिया गया। तारण तरण दिगंबर जैन समाज की बैठक चैत्यालय में समिति के अध्यक्ष सवाई सेठ जयबाबू जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें तारण जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की जाकर कार्यक्रम को अंतिम रुप दिया गया।

तारण तरण मंडलाचार्य महाराज की 575 वी जयंती के अवसर पर तीन दिनी कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। तय कार्यक्रम के तहत 18 दिसंबर को सुबह के समय चैत्यालय जी के शिखर पर झण्डांदन किया जाएगा तत्पश्चात तारण त्रिवेणी के अखण्ड पाठ का अस्ताप होगा। दोपहर में डेढ़ बजे तारण तरण युवा परिषद द्वारा वाहन रैली निकाली जाएगी।

द्वितीय दिवस 19 दिसबर को बाल ब्रम्हचारी शांतानंद महाराज के सानिध्य में प्रातः सात बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभातफेरी के समापन के बाद चैत्यालय में दैनिक भाव पूजा होगी तथा अखण्ड पाठ का समापन किया जाएगा। यहां पर बाल ब्रम्हचारी शांतानंद महाराज के संपन्न होगें एवं नव निर्मित 14 वेदियो पर शास्त्र विराजमान किए जाने तथा अन्य कार्यक्रमों की बोलियां संपन्न होगी। दोपहर एक बजे से चल समारोह निकाला जाएगा। जो कि चैत्यालय से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण के बाद प्रारंभिक स्थल पर पहुंच कर समाप्त होगा। शाम के समय दीनहीन लाचार लोगो को तारण तरण दिगबंर जैन समाज के द्वारा सर्दी से बचाव के लिए कंबलो का वितरण किया जाएगा।

रात्रि.में पालना, महा आरती के कार्यक्रम आयोजित होगे। तीन दिनी कार्यक्रम के तृतीय व समापन दिवस 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे से नव निर्मित वेदियो पर शास्त्र विराजमान किए जाने की कार्रवाही होगी। यहां पर जिनवाणी वंदना भीद संपन्न की जाएगी। कार्यक्रम की रुपरेखा तय करने को लेकर आयोजित की गई बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।



# हड़ताल पर बैठे डाक कर्मचारी

## कर्मचारी बोले 8 घंटे करते हैं काम 4 घंटे का देते हैं वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बेगमगंज

अपनी सात सूत्रीय समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर आल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक यूनियन और नेशनल यूनियन ऑफ ग्रामीण डाक सेवक संघ ने बेमियादी हड़ताल शुरु कर दी है। कर्मचारियों ने बेगमगंज डाकघर के सामने बेनर लगाकर प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने बताया जब तक सरकार उनकी मांगे पूरी नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि वह विगत कई वर्षो से समान वेतनमान, पेंशन, ग्रेच्युटी में वृद्धि, ग्रामीण डाक सेवकों व उनके स्वजनों को चिकित्सकीय सुविधाएं देने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके है। लेकिन सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है करीब दो माह पूर्व भी सांकेतिक हड़ताल कर चुके हैं।



प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उन्होंने अपनी लंबित मांगों को लेकर 5 अक्टूबर को सांकेतिक हड़ताल की थी। यह हड़ताल संभागीय और शाखा स्तर पर की गई थी। इस दिन वादा निभाओ दिवस मनाते हुए शांतिपूर्वक प्रदर्शन भी किया गया था। लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। सांकेतिक हड़ताल बेअसर होने के बाद मजबूरीवश हड़ताल पर जाना पड़ा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघर से मिलने वाली सेवाएं या योजनाओं का डाकघरों के माध्यम से पहुंचाया जाने वाला लाभ प्रभावित हो रहा है।